नव भारत टाईम्स (Nav Bharat Times)

दिनाँक (Dated): 24/12/2024 | पृष्ठ सं0 (Page No). 14 | क्रम सं0(Serial No.) 06

नई पॉलिसी तैयार | जवानों और उनके परिवारों की सुविधा का रखा गया ध्यान, इससे पहले 2017 में बदली थी नीति

# CISF जवानों को मिल सकेगी मनचाही पोस्टिंग

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

File



■ पति-पत्नी दोनों नौकरी कर रहे, तो उनकी सुविधा से तैनाती
■ पॉलिसी सिर्फ नॉन गजेटेड ऑफिसरों के लिए है

**CISF** ने 2017 के बाद अपनी पोस्टिंग पॉलिसी में बदलाव किया है। नई पॉलिसी का बल के 1.90 लाख से अधिक जवानों को लाभ मिलेगा। नई पॉलिसी के तहत जवान अब अपनी पसंद की पोस्टिंग चुन सकेंगे। इसके अलावा, अगर पति-पत्नी दोनों CISF में नौकरी कर रहे है, तो उन्हें अलग-अलग जगहों पर पोस्टिंग देने के बजाय एक ही स्थान पर उनकी सुविधा के अनुसार तैनाती दी जाएगी। यह सुविधा उन कपल्स के लिए भी लागू होगी, जिनमें से एक सरकारी नौकरी में और दूसरा निजी क्षेत्र में कार्यरत है।

IG डॉक्टर केसी सामांतारे, DIG (ऑपरेशंस) श्रीकांत किशोर और DIG डॉक्टर राहुल जैन ने बताया कि CISF में पोस्टिंग पॉलिसी अंतिम बार 2017 में रिवाइज हुई थी। इसके बाद अब 2024 में रिवाइज हुई है। इसमें जवानों और उनके परिवार की सुविधाओं को देखते हुए बड़े स्तर पर बदलाव किए गए हैं। यह पॉलिसी नॉन गजेटेड ऑफिसर के लिए होगी। इसके तहत हर जवान अपनी पसंद की तैनाती की 10 जगह दे सकेगा। फिर उन्हें उनकी पसंद की पोस्टिंग दी जाएगी। इसमें कुछ पीरियड नॉन चाइस पोस्टिंग का भी रहेगा। ताकि जवान हर तरह की चुनौती और माहौल में रम सकें। जो जवान CISF से रिटायर हो रहे हैं, वह दो साल पहले अपनी पसंद की पोस्टिंग पा सकेंगे। इसके लिए उन्हें पोस्टिंग के तीन ऑप्शन देने होंगे। इन तीन में से एक जगह ट्रांसफर मिलेगा। महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी को देखते हुए उन्हें भी उनकी मनपसंद पोस्टिंग में वरीयता दी जाएगी।

NBT Lens
समझिए खबरों के अंदर की बात

## तनाव दूर करने में इससे कैसे मिलेगी मदद

सुरक्षा बलों में जवानों के जॉयफुल लाइफ के लिए सरकार लगातार पॉलिसी बना रही है। CISF की नई पोस्टिंग पॉलिसी से जवानों में मानसिक तनाव कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्हें परिवार के साथ समय बिताने का भी मौका मिलेगा। इस पॉलिसी से बल में नई ऊर्जा का संचार होगा। अधिकारियों के अनुसार, इस पॉलिसी को लागू करने से पहले कई सैंपल सर्वे किए गए। इन सर्वेक्षणों में सामने आई कमियों को सुधारने के बाद नई नीति तैयार की गई है। नई नीति न केवल जवानों का मनोबल बढ़ाएगी बल्कि सीआईएसएफ की कार्यक्षमता में भी सुधार करेगी।